-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 18.10.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति फेज-6.0 के 10 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत थाना बिसंडा के हरि प्रसाद पब्लिक स्कूल में बाल विवाह मुक्त भारत एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति अभियान चलाकर किया गया जागरूक।**
- **बाल विवाह की रोकथाम एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में सराहनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों एवं संभ्रांत नागरिकों को किया गया सम्मानित।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति फेज-6.0 के 10 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के क्रम में आज दिनांक 18.10.2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना बिसंडा क्षेत्र स्थित हरि प्रसाद पब्लिक स्कूल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करना तथा बच्चों, किशोर-किशोरियों, अभिभावकों एवं आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान बाल विवाह के कारण बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं भविष्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल अधिकारों की सुरक्षा, बालिकाओं की शिक्षा, महिला सशक्तीकरण एवं बच्चों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह की रोकथाम में पुलिस, प्रशासन, विद्यालय, अभिभावकों एवं सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। बाल विवाह की रोकथाम एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में सराहनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों एवं संभ्रांत नागरिकों को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों तथा जनजागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही आमजन से अपील की गई कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा बाल विवाह की किसी भी संभावित घटना की जानकारी तत्काल संबंधित पुलिस या प्रशासनिक अधिकारियों को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। कार्यक्रम में थाना बिसंडा की मिशन शक्ति टीम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU), स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट (SJPU), चाइल्ड हेल्पलाइन, ग्रामीण स्वावलंबन समिति (GSS) एवं ग्रामीण परंपरा विकास संस्था के प्रतिनिधियों सहित हरि प्रसाद पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

बांदा पुलिस की अपील:- बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसे समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। आइए, बच्चों के अधिकारों की रक्षा, बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करें।